## नगर निगम क्षेत्र से 70 से अधिक कचरा प्वाइंटों को बंद कराकर रखवाए गमले

# कचरा प्वाइंट पर तीसरी आंख की नजर गंदगी डालने पर पांच हजार का चालान

### नगर निगम ने हर जगह बैनर लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

निगम द्वारा हाल में बंद किए कचरा प्वाइंट पर अब तीसरी आंख की नजर होगी। इन प्वाइंट को बंद कर निगम ने यहां सुगंधित वातावरण के लिए फूलों के गमले रखवाएं है। अब इन प्वाइंट के आसपास सीसीटीवी हिडन कैमरे लगाए गए है। इन प्वाइंट पर कचरा डालने वाला कैमरे में कैद होगा। यदि अब कोई इन प्वाइंट पर कचरा डालेगा तो उसका निगम द्वारा पांच हजार रुपये का चालान किया जाएगा। कैमरे लगाने के साथ निगम ने इन प्वाइंट पर कचरा डालने पर चालान करने संबंधित बैनर लगाकर चेताया है और शहर को सुंदर, स्वच्छ व साफ बनाने की अपील की है। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर नगर निगम ने ट्विनसिटी में बने 70 से अधिक कचरा प्वाइंट अर्थात गार्बेज वेलरवेल प्वाइंट बंद किए हैं। इन प्वाइंट को बंद कर नगर निगम ने इन स्थानों पर फूल पौधों के गमले व बेंच रखवाए हैं। कुछ स्थानों पर पौधारोपण भी किया गया है। ताकि लोग इन स्थानों पर कचरा न डाले और शहरवासियों को साफ व सुगंधित वातावरण मिल सके। निगम द्वारा इन प्वाइंटों से गंदगी साफ कर चूने का छिड़काव किया गया। साथ ही इन प्वाइंट पर गमले, पौधे व बेंच रखवाए गए। इन स्थानों पर जहां लोग खड़े भी नहीं होते थे, अब यहां बेंच पर बैठकर धूप सेंकते व शाम को बातों करते नजर आ रहे हैं। गमले लगाने के बाद कुछ जगह से गमलों को नुकसान पहुंचाने और दोबारा कचरा डालने की शिकायतें आई। जिस पर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर इन स्थानों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। साथ ही इन स्थानों पर बैनर लगाए गए। इन बंद किए गए कचरा प्वाइंट का सफाई निरीक्षक भी नजर रखने लगे। अब यदि कोई इन स्थानों पर दोबारा कचरा डालता है या गमलों को नुकसान पहुंचाता है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। निगम द्वारा ऐसे लोगों को पांच हजार रुपये तक का चालान किया जाएगा। इसके अलावा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



यमुनानगर। बंद किए कचरा प्वाइंट गमले रखने के बाद बैनर व सीसीटीवी लगाते निगम कर्मी। फोटो : हरिभूमि

#### क्या कहते हैं अधिकारी

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा व अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने कहा कि नगर निगम शहर को सुंदर, स्वच्छ व साफ बनाने के लिए अनेक प्रयास कर रहा है। शहरवासी भी इसमें सहयोग दें। बंद किए कचरा प्वाइंट पर कचरा न डाले। यदि कोई डालता है तो उस पर अब निगम कार्रवाई करेगा।

#### ये कचरा प्वाइंट किए गए है बंद

नगर निगम द्वारा जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह की टीम ने वार्ड से 11 वार्डों में विभिन्न स्थानों पर बने कचरा प्वाइंट बंद करवाए। टीम द्वारा वार्ड एक में आरटीओ ऑफिस, दो में हरियाणा कॉ-ऑपरेटिव बैंक, झंडा चौक, इंदिरा मार्केट, अंकुश अस्पताल, शिब्बू मल धर्मशाला, वार्ड चार में वृद्ध आश्रम, बूडÞयि पार्क के पास, वार्ड पांच में शर्मा टेंट, घास मंडी, पुरानी सब्जी मंडी, वार्ड छह में कोहली अस्पताल के पास, कांबोज नर्सरी, छोटी लाइन, आठ में भगत सिंह पार्क, दशहरा ग्राउंड, वार्ड नौ में केशव पार्क के पास समेत कई अन्य स्थानों से कचरा प्वाइंट बंद कराकर यहां फूलों के गमले व बेंच रखवाए। इसी तरह सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में बनी टीम ने नगर निगम कार्यालय के बाहर, महाराणा प्रताप चौक, स्वर्ण जयंती पार्क, आईटीआई के बाहर, कन्हैया साहिब चौक, पुराना हमीदा ट्रक अड्डा के पास, रादौर रोड पुलिया के पास, जोडÞयिो पेट्रोल पंप के नजदीक, फर्कपुर संत निरंकारी सत्संग भवन के पास, सरगौधा स्वीट्स के पास दोनों जोन में लगभग 70 से अधिक कचरा प्वाइंट बंद किए गए है। अब इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे व बैनर भी लगाए गए है।

# पूर्व विधायक भाजपा में शामिल

- पूर्व विधायक बील सैनी के भाजपा में शामिल होने पर समर्थकों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


यमुनानगर। रादौर में पूर्व विधायक डॉ. बीएल सैनी का स्वागत करते उनके समर्थक।

पूर्व विधायक डॉ. बीएल सैनी के भाजपा में शामिल होने के बाद मंगलवार को उनका रादौर में समर्थको द्वारा अभिनंदन किया गया। समाजसेवी सतीश चौधरी के नेतृत्व में पूर्व विधायक डॉ. बीएल सैनी को समर्थको ने शहर के जाटनगर के मेन रोड पर स्थित उनके कार्यालय में फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. बीएल सैनी ने कहा कि वह भाजपा की सर्वश्रेष्ठ नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में समर्थको सहित शामिल हुए है। वह भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यकर्ताओं के सहयोग से हल्के के अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। इस अवसर पर रणबीर सिंह, सुरेश कुमार, जसबीर सिंह, हुकुमचंद, अर्जुन गुर्जर, अश्वनी, गुरमित सिंह, वीरेंद्र राणा, जयचंद, अमित, धर्मबीर, बलजीत सैनी, रमेश राणा, ठाकुर सैनी, राजेंद्र, राजेश फोजी, कृष्ण मेहता, प्रदीप, अनिल पोपली व महावीर राव आदि थे।

# डीसी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

- सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश
- सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मंगलवार को जिला सचिवालय में जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक ली। इस दौरान सड़क एवं यातायात के नियमों पर गहनता से विचार किया गया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके व लोगों की जान बचाई जा सके। उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिन्दगियों को बचाया जा सकता है। युवा नशा करके वाहन न चलाए। संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें और उक्त सभी पर रोक लगाने के लिए नियमानुसार कानूनी कारवाई की जाए। सुरक्षा की दृष्टि से स्कूल बसों की जांच समय से हो। साथ ही सेफ्टी फंड को सुनियोजित तरीके से कमेटी बना कर सुरक्षा के उपायों पर खर्च किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने से जहां एक व्यक्ति की जान जाती है, वहीं उसके परिवार को जीवन भर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नए ब्लैक स्पॉट व दुर्घटना सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर सड़कों की मरम्मत का कार्य विशेष प्राथमिकता से किया जाए।

## खबर संक्षेप

### पानी निकासी का प्रबंध करने के दिए निर्देश

**यमुनानगर।** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मंगलवार को गांव बहरामपुर, नयागांव व भोजपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव बहरामपुर में गांव का सौंदर्यीकरण कर पंचायत की जमीन में आ रही दुकानों को किराए पर दिए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बहरामपुर गांव में बनाई गई नई लाइब्रेरी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गांव के युवाओं को इस पुस्तकालय में अध्ययन करना चाहिए।

### दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**यमुनानगर।** ट्विन सिटी में अलग अलग स्थानों से दो युवतियां लापता हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांधी नगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने बताया कि 15 फरवरी को वह और उसकी पत्नी अपने काम से गए थे। घर पर उसकी 20 वर्षीय बेटी थी। जब वह घर लौटे तो बेटी घर से गायब थी। उन्होंने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया।

### पोस्टर मेकिंग व स्लोगन में निकिता रही प्रथम

**रादौर।** ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज रादौर में मंगलवार को युवा एवं सांस्कृतिक सैल के तत्वावधान में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान करवाए गए कविता पाठ में खुशी ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय व निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में निकिता ने प्रथम, रवीना ने द्वितीय स्थान पाया।

# मरीजों को किए फल वितरित

- श्री केशव किशोरी सेवा समिति ने मरीजों को किए फल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


यमुनानगर। सिविल अस्पताल में लोगों को फल वितरित करते समिति के सदस्य।

सिविल अस्पताल में श्री केशव किशोरी सेवा समिति की ओर से मरीजों को फल वितरित किए गए। सीएमओ डॉ. मनजीत सिंह व पीएमओ डॉ. नवजोत टिवान ने समिति सदस्यों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए उनकी सराहना की। समिति प्रधान विजय मेहता, उप प्रधान विकास कौरा व सचिव सुरेंद्र लूथरा ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता के समिति सदस्य हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी कडी में सिविल अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फल वितरण से पूर्व सभी मरीजों को हालचाल पूछा गया। साथ ही उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। समिति प्रधान विजय मेहता ने कहा कि मरीजों की सेवा, नारायण की सेवा के बराबर है। मरीजों को फल वितरण व अन्य पुनीत कार्यों के लिए हम सभी को बढचढ कर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुशल क्षेम जानने से भी उन्हें सांत्वना मिलती है। ऐसा करने से उनकी हौसलाफजाई होती है। साथ ही उन्हें लगता है कि दुख की घडी में कोई उनके साथ खडा है।

# मांगों को भारतीय किसान संघ ने किया प्रदर्शन

- बिना सूचना के बिजली का बिल न भरने वाले लोगों के कनेक्शन काटने आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। अधीक्षक अभियंता के कार्यालय पर प्रदर्शन करते किसान।

भारतीय किसान संघ के सदस्यों ने मंलगवार को शहर के कन्हैया साहिब चौक के पास स्थित बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। संघ के सदस्यों का आरोप है कि बिजली निगम के अधिकारी बिजली का बिल ने भरने वाले लोगों के घरों में पहुंचकर कनेक्शन काट रहे हैं जो कि गलत है। संघ के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही निगम द्वारा लोगों के घरों के कनेक्शन काटने बंद नहीं किए तो कनेक्शन काटने आने वाले कर्मचारियों को बंधक बनाया जाएगा। मंगलवार सुबह भारतीय किसान संघ के सदस्य भारी संख्या में कन्हैया साहिब चौक स्थित बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता के कार्यालय पर पहुंचे। जहां संघ के सदस्यों ने बिजली निगम द्वारा बिल न भरने वाले लोगों के घरों के कनेक्शन काटने के विरोध में प्रदर्शन किया। संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश राणा ने कहा कि बिजली निगम बिल जमा न करवाने वाले लोगों के घरों पर पहुंचकर बिना सूचना के बिजली के कनेक्शन काट रहा है। उन्होंने मांग की है कि बिजली बिलों पर लगने वाला पूरा ब्याज माफ किया जाए। इसके साथ ही किसानों पर सौर ऊर्जा पैनल न थोपा जाए। इसके साथ ही अगर खेतों से ट्रांसफार्मर चोरी होता है उसका खर्चा स्वयं बिजली निगम उठाए। धान के सीजन से पहले खेतों की सभी बिजली की लाइन दुरुस्त की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिना बताए घर का कनेक्शन काटेंगे तो संघ के सदस्य बिजली निगम के कर्मचारियों का घेराव करेंगे।

#### यह लगाया आरोप

उन्होंने कहा कि लोग बिजली का बिल भरना चाहते हैं लेकिन भारी भरकम ब्याज नहीं दे सकते। बिजली निगम इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि 19 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री ने किसानों के साथ बैठक की थी। जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया था हम बिजली के बिलों पर लगने वाला ब्याज नहीं लेंगे और असल ब्याज में से भी 10 प्रतिशत माफ करेंगे। मौके पर मदन भगत खजूरी, प्रवीण उन्हेड़ी, सरस्वती खंड के अध्यक्ष दीपक राणा, वेद प्रकाश कमालपुर, जगदीप स्यालवा, प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

# युवाओं को नशे की लत से दूर करना जरूरी

- जिले में नशे की रोकथाम को लेकर जिला उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक
- स्कूलों में प्रत्येक माह के पहले शुक्रवार को विद्यार्थियों को नशा न करने की दिलाई जाएगी शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


यमुनानगर। जिला सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

जिले में नशे की रोकथाम को लेकर जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जिले से बिकने वाले नशे को रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक माह के पहले शुक्रवार को स्कूलों ने विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाना है। इसके लिए विशेषकर युवाओं में जागरूकता लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स आदि नशे को जड़ से खत्म करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर माह सभी नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि नशा रोकने को लेकर स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग, रेडक्रॉस सहित अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर गांव में जाकर लोगों को जागरूक करें और नशा करने वाले लोगों पर नजर बना कर रखें ताकि उनमें सुधार लाया जा सकें। इस मौके पर एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीएसपी राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ मनजीत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी, जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता आदि रहे।

#### मेडिकल स्टोर की करें जांच

उपायुक्त ने कहा कि सभी मेडिकल स्टोरों में नशें की प्रतिबंधित दवाओं की जांच कर रिपोर्ट करें। जिन मेडिकल स्टोरों पर अवैध रूप से नशे की दवा मिलती है मेडिकल स्टोर के संचालको पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी मेडिकल स्टोर नशे की दवाई न दें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जाए।

# समाधान शिविर में पहुंची 5 शिकायतें

- जिला सचिवालय में लगाया गया समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


यमुनानगर। जिला सचिवालय में लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करते सीटीएम व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला सचिवालय में मंगलवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीटीएम पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। शिविर में पांच शिकायतें पहुंची। शिकायतें लेकर पहुंचे लोगों का मौके पर ही समाधान किया गया। सीटीएम ने बताया कि शिविर में समाधान शिविर में पांच शिकायतें प्राप्त हुई। इस शिविर में सुरेंद्र कुमार निवासी यमुनानगर, गुरमुख यमुनानगर निवासी, किरण गुप्ता निवासी दुर्गा कॉलोनी का परिवार पहचान पत्र ठीक किया गया। उर्मिला निवासी यमुनानगर का विकलांग प्रमाण पत्र अपडेट किया गया। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिला स्तर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में आ रही लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने का काम कर रहे हैं।

# तमन्ना ने जीती भाषण प्रतियोगिता

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। मुकंदलाल कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ की ओर से डॉ.रीचा सिकरी व प्रो. नीतू कांबोज की देखरेख में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान तमन्ना ने पहला, खुशी ने दूसरा व सलोनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि ईशा चौथे स्थान पर रही। डॉ.रीचा सीकरी ने बताया कि यह योजना 2015 में वर्तमान सरकार द्वारा कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बेटियों को शिक्षित करने और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए आरंभ की गई। कॉलेज की प्राचार्य डॉ.माला शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मतलब सिर्फ बेटियों को बचाना नहीं है, बल्कि उन्हें बराबरी का अधिकार देना है।

ताकि वह अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग कर सकें। समाज में अपना स्थान बना सकें।

विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से भी अपने-अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रो.जयचंद, प्रो.बंटी व पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

## औद्योगिक क्षेत्र समेत कई स्थानों पर किए गए नुक्कड़ नाटक

# निगम ने नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता का दिया संदेश

- कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


यमुनानगर। नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक करते कलाकार।

स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंक के लिए नगर निगम द्वारा शहीद भगत सिंह चौक, बस स्टैंड, औद्योगिक क्षेत्र समेत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नाटक के माध्यम से शहर को साफ, सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, खुले में कचरा न डालने, सूखा व गीला कचरा अलग अलग करने, रसोई वेस्ट से खाद तैयार करने, पुराने कपड़ों से थैले बनाकर बाजार से सामान लाने में इस्तेमाल करने समेत विभिन्न जागरूक संदेश दिए।

#### साफ-सफाई से नहीं पनपती हैं बीमारियां

निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर शहर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को शहर को स्वच्छ व सफाई रखने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। निगम की ओर से मंगलवार को सबसे पहले शहीद भगत सिंह चौक पर कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। यहां काफी संख्या में शहरवासियों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। इसके बाद यमुनानगर बस स्टैंड व औद्योगिक क्षेत्र व अन्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सफाई का महत्व बताया। नाटक के दौरान निगम की टीम ने लोगों को वेस्ट कपड़ों के थैले बनाने और उनमें बाजार से सामान लाने, रसोई वेस्ट से कम्पोस्ट पिट के माध्यम से खाद बनाकर रूप गार्डनिंग करने और सूखा व गीला कचरा अलग अलग कर निगम के वाहनों में डालने, खुले में कचरा न डालने, घर व दुकान का कचरा डालने के लिए डस्टबिन का इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक किया। अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने कहा कि नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य लोगों को साफ सफाई, स्वच्छता, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने व खुले में कचरा न डालने के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान लोगों को समझाया गया कि पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें, बाजार से सामान खरीदने को घर से थैला लेकर आए, स्वच्छता ही सेवा है।

